पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) समाचार में संदर्भित निविदा को उक्त मामले में सभी पहलुओं जिनमें तत्कालीन विद्यमान अनुदेश और प्रक्रियायें शामिल हैं, पर विचार करने के उपरान्त ही अन्तिम रूप दिया गया था।

मध्य प्रदेश में रसोई गैस के नए कनेक्शन और डीलरशिप

2815. **श्री लक्खी राम अग्रवाल** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत कई वर्षों से मध्य प्रदेश में रसोई गैस के नये कनेक्शन नहीं दिये जा रहे हैं, यदि हां, तो कनेक्शन कब तक प्रदान किये जायेंगे ;

(ख) मध्य प्रदेश में कितने तहसील मुख्यालयों में रसोई गैस वितरकों की नियुक्ति की गई है और क्या शेष तहसील मुख्यालयों में भी रसोई गैस वितरक नियुक्त किये जाने की कोई योजना है ; यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है और गैस वितरकों की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी ; और

(ग) 31 दिसम्बर, 1992 तक मध्य प्रदेश में गैस कनेक्शनों हेतु प्रतीक्षा सूची में दर्ज आवेदकों की संख्या कितनी है और उन्हें कब तक गैस कनेक्शन मिल जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, नहीं।

(ख) 1-1-1993 को मध्य प्रदेश के 93 तहसील मुख्यालयों में एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरों की नियुक्ति की गई है। वर्तमान नीति के अनुसार 20,000 और अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में एक चरणबद्ध प्रणाली से एल.पी.जी. सुविधा प्रदान की जा रही है, जो डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिये आर्थिक व्यवहार्यता प्रदान करते हैं, बशर्ते कि समग्र रूप से उत्पाद उपलब्ध हो।

(ग) 31-12-1992 को मध्य प्रदेश में लगभग 3.70 लाख लोग प्रतीक्षा सूची में थे। उत्पाद उपलब्ध होने पर यथा संभव अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने के लिये अनवरत प्रयास किये जाते हैं।

Piped Gas supply to Gujaral

2816. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the State Government of Gujarat has represented for Piped gas supply *to* Ahmedabad, Surat and Walia cities; and

(b) if so, what is the latest position about commitment of gas for these projects?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) Supply of gas to consumers in Surat commenced in September 1991. In *view* of allocations already made within the availability of gas, no allocations could be made for Ahmedabad and Walia cities.

मैसर्स पन्वा गैस एजेंसी के विरुद्ध शिकायतें

2817. **श्री राम नरेश यादव** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स पन्वा गैस एजेन्सी ने इंडियन आयल कारपोरेशन से बिहार के खगड़िया जिले में रसोई गैस के वितरण हेतु वितरण अनुज्ञप्ति प्राप्त की है ;